प्रादेशिक समाचार

दिनांक–02.03.2026 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दिल्ली की महिलाओं के लिए चार योजनाओं की शुरुआत की, महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण पर दिया बल।
2. केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कोडरमा में की निर्भया फंड परियोजनाओं की समीक्षा, महिला सशक्तिकरण के लिए योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर दिया जोर।
3. रांची में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और टाटा समूह के चेयरमैन ने की संयुक्त प्रेस वार्ता, टाटा समूह का जमशेदपुर में बड़ा निवेश, मुख्यमंत्री ने कहा–औद्योगिक विकास को मिलेगा बल।
4. राज्य निर्वाचन आयोग आगामी दो और तीन सितंबर को रांची में वोटर रजिस्ट्रेशन विषय पर करेगा अंतरराष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन, 30 अप्रैल तक शोधपत्र आमंत्रित।

और

5. रांची में 11 से 13 मार्च तक नेशनल रैपिड एंड ब्लिट्ज शतरंज चैंपियनशिप का होगा आयोजन, 50 अंतरराष्ट्रीय मास्टर होंगे शामिल।

****

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज दिल्ली की महिलाओं को समर्पित चार योजनाएँ शुरू कीं। इनमें लखपति बिटिया योजना, सहेली पिंक स्मार्ट कार्ड, मेरी पूंजी मेरा अधिकार और मुफ्त एलपीजी सिलेंडर योजना शामिल हैं। इस अवसर पर राष्ट्रपति मुर्मू ने इस बात पर जोर दिया कि महिलाएं समाज का अभिन्न स्तंभ हैं। उन्होंने कहा कि उनका सम्मान और सशक्तिकरण एक सभ्य राष्ट्र की सच्ची पहचान है।

****

कोडरमा में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में निर्भया कोष के तहत तैयार विभिन्न परियोजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रौद्योगिकी आधारित सुरक्षा कार्यक्रम, डिजिटल ट्रैकिंग, आत्मरक्षा प्रशिक्षण, आजीविका एवं आवास सहित अन्य प्रस्तावों पर विचार–विमर्श किया गया। बैठक में महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण के लिए योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष बल दिया गया।

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सुबह 11 बजे 'एमएसएमई एज चैंपियंस ऑफ ग्रोथ' विषय पर पोस्ट बजट वेबिनार को संबोधित करेंगे। इस वेबिनार में बजट घोषणाओं से जुड़े महत्वपूर्ण प्रावधानों और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों–एमएसएमई–को देश की विकास शक्ति में बदलने की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। कार्यक्रम का उद्देश्य उद्योग जगत, उद्यमियों और संबंधित हितधारकों को सरकार की नीतियों और आगामी रोडमैप की जानकारी देना है।

****

रांची स्थित मुख्यमंत्री आवास में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और टाटा समूह के चेयरमैन नटराजन चंद्रशेखरन ने संयुक्त रूप से प्रेस वार्ता को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने टाटा समूह की भूमिका की सराहना की और कहा कि राज्य सरकार उद्योगों को बेहतर आधारभूत संरचना और नीतिगत सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है।

वहीं टाटा समूह के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने 11 हजार करोड़ रुपये के झारखंड में निवेश की प्रतिबद्धता दोहराई और जमशेदपुर में नये टाटा स्टील में निवेश की जानकारी दी––

****

रांची में आज भारतीय जनता पार्टी की ओर से पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण अभियान 2026 के तहत प्रदेश स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने कहा कि भाजपा 'राष्ट्र प्रथम' की भावना से कार्य करती है।

****

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर झारखंड राज्य निर्वाचन आयोग दो और तीन सितंबर 2026 को रांची में वोटर रजिस्ट्रेशन एंड वोटर रजिस्टर विषय पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार आयोजित करेगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने बताया कि इच्छुक प्रतिभागी 30 अप्रैल तक अपने शोध पत्र जमा कर सकते हैं। चयनित प्रतिभागियों को सेमिनार में अपने विचार प्रस्तुत करने का अवसर मिलेगा।

****

धनबाद में जिला परिषद बोर्ड की बैठक आज हंगामे के बीच स्थगित कर दी गई। बैठक में गर्मी को देखते हुए पेयजल व्यवस्था का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया। सदस्यों ने ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की समस्या और खराब चापाकलों पर चिंता जताई। कुछ विषयों पर चर्चा नहीं हो पाने से सदस्यों में नाराजगी देखी गई। जिला परिषद अध्यक्ष ने बताया कि शेष मुद्दों पर विचार के लिए अगली बैठक होली के बाद बुलाई जाएगी।

****

रामगढ़ के डिवाइन ओंकार मिशन बालिका गृह से 12 वर्षीय ज्योति कुमारी को इटली निवासी दंपत्ति ने विधिवत गोद लिया। दत्तक ग्रहण प्रक्रिया जिला बाल संरक्षण इकाई के माध्यम से पूरी की गई। उपायुक्त फैज अक अहमद मुमताज ने बालिका को दंपत्ति को सौंपा। उन्होंने बालिका के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

****

गिरिडीह जिले के गांडेय थाना क्षेत्र से पुलिस ने दो साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक डॉक्टर विमल कुमार ने बताया कि आरोपी देश के बड़े अस्पतालों के चिकित्सकों का अपॉइंटमेंट दिलाने के नाम पर गूगल एड पर फर्जी विज्ञापन देते थे और फर्जी फाइल भेजकर लोगों से ऑनलाइन भुगतान लेते थे। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान शाहिद अफरीदी और शमशाद अंसारी के रूप में हुई है।

****

सरायकेला खरसावां जिले के गम्हरिया स्थित एक कंपनी के बाहर आज प्रदर्शन कर रहे मजदूरों पर कथित रूप से बाउंसरों ने हमला कर दिया। मजदूरों के अनुसार इस मारपीट में 5 से 6 मजदूर घायल हो गए, जिनमें कुछ की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। घटना के बाद आदित्यपुर थाना में शिकायत दर्ज कराई गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

****

रांची के सरला बिरला विश्वविद्यालय परिसर में 11 से 13 मार्च तक नेशनल रैपिड एंड नेशनल ब्लिट्ज शतरंज चैंपियनशिप आयोजित होगी। प्रतियोगिता में लगभग दो सौ पचास खिलाड़ी शामिल होंगे, जिनमें पचास अंतरराष्ट्रीय मास्टर और ग्रैंडमास्टर शामिल हैं। संरक्षक मंडल प्रमुख राज्यसभा सांसद डॉ. प्रदीप कुमार वर्मा ने बताया कि रैपिड वर्ग में चार लाख और ब्लिट्ज वर्ग में ढाई लाख रुपये की इनामी राशि निर्धारित है।

*******समाप्त********